**<u>प्रेस-नोट</u>**

**थाना कोतवाली, जनपद झाँसी**

**<u>दिनाँक- 29.08.2025</u>**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **महादेव एप्प के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलने/खिलाने वाले इण्टर नेशनल गिरोह के 04 शातिर सटोरी गिरफ्तार,**
- **कब्जे से लैपटॉप, 20 मोबाइल फोन, 24 एटीएम कार्ड, 07 पासबुक, 06 चेकबुक, वाईफाई, एडॉप्टर, रजिस्टर/डायरी व 33,500/- रूपये नगद बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 29.08.2025 को थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मकान में मोबाइल फोन/लैपटॉप के माध्यम से चल रहे क्रिकेट व अन्य मैचों पर महादेव एप्प के माध्यम से हार जीत की बाजी लगाकर ऑनलाइन सट्टे खेल/खिला रहे इण्टर नेशनल गिरोह के 04 शातिर सटोरी अभियुक्तगण 1- सुदीप यादव पुत्र नंदकिशोर उम्र करीब 20 वर्ष निवासी भ्यौरा घाट थाना मोंठ जनपद झाँसी 2- मनोज केवट पुत्र लखन लाल उम्र 32 वर्ष निवासी शकंर जी के मन्दिर के पास बिजौली थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी 3- शिवम यादव पुत्र संजय यादव उम्र 30 वर्ष निवासी दतिया गेट बाहर थाना कोतवाली जनपद झाँसी 4- नितिन यादव पुत्र बान सिंह यादव उम्र करीब 19 वर्ष निवासी भ्यौरा घाट थाना मोंठ जनपद झाँसी को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से कब्जे से 01 लैपटॉप, 20 मोबाइल फोन, 24 एटीएम कार्ड, 07 पासबुक, 06 चेकबुक, 01 वाईफाई, 01 एडॉप्टर, 03 रजिस्टर/डायरी व 33,500/- रूपये नगद बरामद हुआ। उक्त सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 283/25 धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम व धारा 112(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

**<u>संक्षिप्त विवरण-</u>**

दिनाँक 29.08.2025 को थाना कोतवाली व स्वाट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत पशुपति कालोनी मकान नं0 बी/25 में मोबाइल फोन लैपटॉप के माध्यम से चल रहे क्रिकेट व अन्य मैचों पर महादेव एप्प के माध्यम से रूपयों की हार जीत की बाजी लगाकर आनलाइन सट्टा खेल/खिला रहे इण्टर नेशनल गिरोह के 04 सटोरी अभियुक्तगण 1- सुदीप यादव पुत्र नंदकिशोर उम्र करीब 20 वर्ष निवासी भ्यौरा घाट थाना मोंठ जनपद झाँसी 2- मनोज केवट पुत्र लखन लाल उम्र 32 वर्ष निवासी शकंर जी के मन्दिर के पास बिजौली थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी 3- शिवम यादव पुत्र संजय यादव उम्र 30 वर्ष निवासी दतिया गेट बाहर थाना कोतवाली जनपद झाँसी 4- नितिन यादव पुत्र बान सिंह यादव उम्र करीब 19 वर्ष निवासी भ्यौरा घाट थाना मोंठ जनपद झाँसी को समय करीब 00.40 बजे रात्रि को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण उपरोक्त की वेबसाईट महादेव एप्प है । जिस पर लोग व्हाट्सएप के माध्यम से जुड़ते है । व्हाट्सएप पर उनको पैंमेन्ट करने के लिए बारकोड व यू0पी0आई0 आई0डी0/नम्बर देते है। पैमेन्ट होने के बाद अभियुक्तगण उन लोगों को पासवर्ड और आई0डी0 उपलब्ध कराते हैं। खिलाड़ी के जीतने व हारने पर उन्हें यू0पी0आई0 से रूपये ट्रांसफर कर देते हैं। ऑनलाइन आईपीएल सट्टा में अभियुक्तगणों की ऑनलाइन लाइव साईट चल रही होती है, जिस पर अभियुक्तगण अगर 10 मिनट तक साईट पर ऑनलाइन काम ना करें, तो वह साईट स्वयं ही बन्द हो जाती है । अभियुक्तगण यह कार्य संगठित रूप से करते है, जिसमें निशान्त यादव उर्फ रोलेक्स एडमिन है तथा गजेन्द्र यादव उर्फ दाउ , नीरज वर्मा, मोहित सोनी उर्फ चमन सदस्य है। एडमिन निशान्त यादव उर्फ रोलेक्स, जो विदेश में रहता है, अपने साथियों 1. गजेन्द्र यादव उर्फ दाउ निवासी ब्लू बैल्स के सामने पेट्रोल पम्प के पास बिजौली थाना प्रेमनगर झाँसी 2. नीरज वर्मा निवासी नरिया बाजार थाना कोतवाली झांसी 3. मोहित सोनी उर्फ चमन निवासी दीक्षित बाग थाना कोतवाली झाँसी व अन्य कई मिनी एडमिनों द्वारा विभिन्न जगहों पर ऑनलाइन सट्टे का कारोबार कराया जाता है। ये लोग अपने सदस्यों को ऑनलाइन ही आईडी वगैरहा देते हैं तथा ऑनलाइन सट्टे का कारोबार अपने गिरोह के सदस्यो द्वारा संगठित रूप से कराते हैं। इस सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 283/25 धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम व धारा 112(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण</u>** –

1. सुदीप यादव पुत्र नंदकिशोर उम्र करीब 20 वर्ष निवासी भ्यौरा घाट थाना मोंठ जनपद झाँसी
2. मनोज केवट पुत्र लखन लाल उम्र 32 वर्ष निवासी शकंर जी के मन्दिर के पास बिजौली थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी
3. शिवम यादव पुत्र संजय यादव उम्र 30 वर्ष निवासी दतिया गेट बाहर थाना कोतवाली जनपद झाँसी
4. नितिन यादव पुत्र बान सिंह यादव उम्र करीब 19 वर्ष निवासी भ्यौरा घाट थाना मोंठ जनपद झाँसी

**<u>बरामदगी</u>**-

1. 01 लेपटाप,
2. 20 मोबाइल फोन,
3. 24 एटीएम कार्ड,
4. 07 पासबुक ,
5. 06 चेकबुक ,
6. 01 वाईफाई ,
7. 01 एडॉप्टर ,
8. 02 रजिस्टर ,
9. 01 डायरी ,
10. 33,500/- रूपये नगद
11. 02 वाहन सीजशुदा

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1. निरी0 श्री राजेश पाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवालीझाँसी , ।
2. उ0नि0 श्री आशीष धामा, चौकी प्रभारी बडागांव गेट थाना कोतवाली झांसी ।
3. उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिंह तक्खर,  स्वाट टीम प्रभारी जनपद झाँसी,।
4. हे0का0 429 सदानंद यादव, स्वाट टीम जनपद झांसी।
5. हे0का0 134 शैलेन्द्र सिंह, स्वाट टीम जनपद झांसी।
6. का0 219 विजय कुमार, थाना कोतवाली जनपद झांसी ।
7. का0259 अभिषेक त्रिपाठी, थाना कोतवाली जनपद झांसी ।
8. का0 465 नरेन्द्र कुमार, थाना कोतवाली जनपद झांसी ।
9. का0 1890 लोकेन्द्र सिंह, थाना कोतवाली जनपद झांसी ।
10. का0 222 रजत सिंह, स्वाट टीम जनपद झांसी ।
11. का0 342 हर्षित चौहान, स्वाट टीम जनपद झांसी ।
12. का0 1306 मो0 अतीक, स्वाट टीम जनपद झांसी ।
13. का0 744 सौरभ सिंह, स्वाट टीम जनपद झांसी ।